तापमान
अधिकतम 31.0 डिग्री
न्यूनतम 24.0 डिग्री

हरिभूमि
# मध्यांचल भूमि
रायपुर, गुरुवार 4 सितंबर 2025

14 भिनोदा में ग्रामीणों की शिक्षा क्रांतिः सरकारी ...


14 बेहतर प्रशिक्षण लेकर ग्राम स्तर पर लोगों को दें ...




B.M. COLLEGE
B.Ed.
कोड 114336
ऑनलाईन रजिस्ट्रेशन
अंतिम तिथि - 04/09/25
गोकुल नगर, पुलगांव, दुर्ग
8770638793, 9340311314
7000786116, 9300850065

# तेज बारिश व गर्जन के चलते गुल हुई शहर की बिजली, दो घंटे की मशक्कत के बाद बहाल हुई आपूर्ति

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भाटापारा

- 13 फीडरों और 472 ट्रांसफार्मरों पर तैनात रही राहत टीम, दो घंटे में बहाल की सप्लाई

मंगलवार को भाटापारा शहर में अचानक मौसम का मिजाज बदल गया। तेज बारिश, अंधड़ और बिजली की गड़गड़ाहट के चलते शहर की बिजली व्यवस्था चरमरा गई। कई जगहों पर एक साथ फाल्ट आने से शहर की सप्लाई दो से तीन घंटे तक ठप हो गई। बारिश के बीच बिजली विभाग की टीमों ने मोर्चा संभाला और अलग-अलग क्षेत्रों में फाल्ट की पहचान कर सुधार कार्य शुरू किया।

## तेज हवा, बिजली की कड़क और पेड़ों की टहनियों ने बढ़ाई बिजली विभाग की मुश्किलें

### पेड़ों की टहनियों और एबी स्विच की बड़ी भूमिका

बिजली विभाग के अनुसार तेज हवा के कारण कई जगहों पर पेड़ों की टहनियां बिजली के तारों से टकरा गईं, जिससे लाइन ट्रिप कर गई। इसके अलावा, कुछ स्थानों पर एबी स्विच और डीओ फ्यूज भी टूटे मिले। बारिश के दौरान अधिकतर शिकायतें इन्हीं कारणों से आती हैं। इसी वजह से एहतियात के तौर पर कुछ इलाकों में बिजली सप्लाई रोक दी गई ताकि उपकरणों को नुकसान न हो।



### रात में तैनात रहता हैं दो विशेष बिजली गैंग

शहर के बड़े आकार और 472 से अधिक ट्रांसफार्मरों को देखते हुए बिजली विभाग ने रात के समय दो अलग-अलग गैंग तैनात किए हैं। ये टीमें फाल्ट आने पर तुरंत मौके पर पहुंचकर सुधार कार्य करती हैं। बारिश के मौसम में बिजली गिरने, ट्रांसफार्मर और एबी स्विच के फेल होने की घटनाएं बढ़ जाती हैं, इसलिए विभाग पूरी सतर्कता के साथ काम करता है।

शहर में कुल 13 फीडर हैं, जिनमें रेलवे रेस्ट हाउस, टाउन-1, टाउन-2, हटरी बाजार, मयूर स्कूल, सत्संग भवन, गायत्री मंदिर, माता देवालय, पटपर साईं कॉलोनी और टिकुलिया जैसे इलाके शामिल हैं। इन स्थानों पर बिजली बंद होने से उपभोक्ताओं को भारी परेशानी का सामना करना पड़ा। विभाग के अधीक्षण अभियंता जी.पी. अनंत और डीई वी.के. राठिया के निर्देश पर एई वासुदेव साहू की अगुवाई में दो गैंगों ने फाल्ट को खोजकर सुधार किया।

## खबर संक्षेप

### तहसील साहू संघ चुनाव धन्नू और हेमंत हैं दावेदार



**पलारी।** प्रदेश साहू संघ की कार्यकारिणी गठित होने के बाद अब जिला, तहसील और परिक्षेत्र स्तर पर संगठन विस्तार की तैयारियाँ तेज हो गई हैं। इसी कड़ी में पलारी तहसील साहू संघ के अध्यक्ष पद को लेकर दावेदारी सामने आने लगी है। तहसील अध्यक्ष पद की दौड़ में दो नाम प्रमुखता से उभरकर आए हैं— रेंगाडीह निवासी धन्नू साहू और रोहांसी निवासी हेमंत साहू। दोनों ही समाजसेवा और संगठनात्मक गतिविधियों में सक्रिय रहे हैं तथा समाज के विभिन्न मुद्दों पर लगातार अपनी भूमिका निभाते आए हैं। संगठन के सक्रिय सदस्यों का कहना है कि नए तहसील अध्यक्ष का चयन समाज की एकजुटता और भविष्य की दिशा तय करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। आने वाले दिनों में जिले और तहसील स्तर पर बैठकों के बाद पदाधिकारियों की घोषणा की जाएगी। पलारी तहसील साहू समाज में यह चुनावी दौड़ अब चर्चाओं का केंद्र बनी हुई है, जहाँ समाजजन उत्सुकता से नये नेतृत्व का इंतजार कर रहे हैं।

### भाटापारा में तीन माह बाद राशन वितरण शुरू

**भाटापारा।** भाटापारा क्षेत्र मे राशन की 108 दुकाने हैं इसमे शहर मे 16 व ग्रामीण क्षेत्र मे 92 दुकाने हैं यहां पर आज 3सितम्बर से राशन वितरण शुरू किया जा चुका है करीब तीन माह के बाद जून के आबंटन प्रक्रिया के बाद राशन वितरण इस माह शुरू हुआ ।इस संबंध मे सहायक खाद्य अधिकारी लक्ष्मण कश्यप ने बताया कि उचित मूल्य की दुकानों मे चांवल,शक्कर,नमक का वितरण किया जा रहा है, कश्यप ने बताया कि अंत्योदय, प्राथमिकता और सामान्य परिवारो को क्रमशः 35 किलो प्रति राशन कार्ड, प्राथमिकता मे प्रति सदस्य और पात्रता अनुसार एपीएल मे भी पात्रता अनुसार राशन दिया जायेगा, वहीं सभी राशन दूकानदारों को निर्देशित किया गया है कि सभी हितग्राहियों को राशन कार्ड के अनुसार राशन दिया जावे।

### दावनबोड में लगेगा विशाल रक्तदान शिविर

**भाटापारा।** ग्राम दावनबोड में संचालित हमर सुंदर गांव फाउंडेशन दावनबोड के तत्वाधान में 14 सितम्बर को विशाल रक्तदान शिविर का आयोजन रखा गया है। जिसका सहयोगी संकल्प रक्तदाता सेवा संस्थान टिकुलिया सुनिश्चित किया गया, जिनके ओर से प्रत्येक रक्तदान करने वाले रक्तवीरो को सड़क सुरक्षा परिवार के मुखिया के जीवन को सुरक्षा प्रदान करने उद्देश्य से हेलमेट देते हुए सम्मानित किया जाएगा। कार्यक्रम के संचालन में दीप्ती वर्मा, कौशल्या तुरकिया, सीता ध्रुव, पीलू वर्मा, नीलकंठ वर्मा, नोहर सिंह ध्रुव, गोविंद वर्मा, गंगू वर्मा शंकर लाल वर्मा, रामकुमार वर्मा, अमृत लाल ध्रुव, नवीन वर्मा व अन्य सदस्यगण एवं समस्त ग्रामवासी रहेंगे।

## लापरवाही : बिना बिलिंग के 8 महीने बाद थमाया गया 22 हजार का झटका

# अनाप-शनाप बिजली बिल का विरोध, युवक स्मार्ट मीटर को गले पर लटाकर की शिकायत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार

- कलेक्टर से लगाई गुहार, बोले– स्मार्ट मीटर लौटाना चाहता हूं

बिजली विभाग की लापरवाही और मनमानी के खिलाफ मंगलवार को बलौदाबाजार में एक ग्रामीण युवक ने अनोखा विरोध प्रदर्शन किया। ग्राम सुढेला निवासी विश्वनाथ धृतलहरे अपने गले में स्मार्ट मीटर लटकाकर कलेक्टर कार्यालय पहुंचे और विभाग की कार्यप्रणाली के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई।

उन्होंने बताया कि उनके घर में करीब 8 महीने पहले स्मार्ट मीटर लगाया गया था, लेकिन तब से अब तक विभाग ने एक भी बार बिजली बिल जारी नहीं किया। हाल ही में जब बिल मिला तो यह सीधे 22,000 रुपये का था। यह देखकर वह चौंक गए। बिल में दिखाया गया कि खपत सिर्फ 253 यूनिट (रीडिंग 2281 से 2534) की है, लेकिन विभाग ने मैन्युअल बिल बनाकर भारी शुल्क और किराया जोड़ दिया। विरोध स्वरूप युवक ने मीटर गले में पहनकर कलेक्टर को आवेदन सौंपा और कहा कि वह अब स्मार्ट मीटर लौटाना चाहता है।



### बिलिंग सिस्टम की बड़ी चूक

*विश्वनाथ धृतलहरे का कहना है कि स्मार्ट मीटर से बिलिंग होनी चाहिए थी, लेकिन विभाग ने मैन्युअल बिल थमाया। यह तकनीकी रूप से गलत है और उपभोक्ताओं के साथ धोखा है। पहले 8 महीने तक कोई बिल नहीं और फिर एकमुश्त 22 हजार की देनदारी! ऐसे में ग्रामीण कहां जाए?*

### शिकायत पर भी मिली आधी राहत

*जब विश्वनाथ ने विभागीय कार्यालय में शिकायत दर्ज कराई, तो पहले उन्हें टाल दिया गया। बाद में मुख्यालय स्तर पर बिल जांच कर इसे घटाकर 10,800 रुपये कर दिया गया। बावजूद इसके उन्होंने इसे अन्यायपूर्ण बताते हुए कलेक्टर को आवेदन सौंपा और स्मार्ट मीटर विभाग को लौटाने की बात कही।*

# तेजस्वनी ट्रेडर्स पर कृषि विभाग की बड़ी कार्रवाई 600 बोरी यूरिया जब्त

**हरिभूमि न्यूज मुड़पार सरसीवां/गोपालपुर ।** किसानों को हो रही खाद की किल्लत के बीच, सरसीवां में कालाबाजारी की पुष्टि होने पर कृषि विभाग और राजस्व अधिकारियों की टीम ने बड़ी कार्रवाई की है। सरसीवां रोड कोदवा स्थित तेजस्वनी ट्रेडर्स के यहां छापा मारकर 600 बोरी यूरिया खाद जब्त की गई, जो बिना बिल के वाहन में लोड की जा रही थी।

कृषि विभाग को शिकायत मिली थी कि व्यापारी यूरिया खाद को 800 से 1000 रुपये तक बेच रहे हैं, जबकि यह सब्सिडी वाली दरों पर किसानों को दी जानी चाहिए। मौके पर पहुंची टीम ने पाया कि स्टॉक पंजी और रिपोर्ट में किसी भी प्रकार का खाद शेष नहीं दिखाया गया था। लेकिन मौके पर बिहार नंबर (बीआर 02 जीए 6848) के वाहन में बड़ी मात्रा में खाद पाया गया। किसानों को अब उम्मीद है कि इस तरह की कार्रवाइयों से कालाबाजारी पर रोक लगेगी और खाद की आपूर्ति सामान्य दरों पर हो सकेगी। प्रशासन ने भी स्पष्ट किया है कि भविष्य में ऐसी कोई भी शिकायत मिलने पर सख्त कदम उठाए जाएंगे।



### आवश्यक वस्तु अधिनियम के तहत हुई कार्रवाई

निरीक्षण टीम के अनुसार तेजस्वनी ट्रेडर्स द्वारा बिना वैध दस्तावेजों के रासायनिक उर्वरक का भंडारण और परिवहन किया जा रहा था, जो आवश्यक वस्तु अधिनियम 1955 की धारा 3 के उल्लंघन की श्रेणी में आता है। इसलिए पूरी खाद जब्त कर थाना सरसीवां की सुपुर्दगी में रखी गई है। अब मामले की जांच प्रशासन और पुलिस के संयुक्त स्तर पर की जाएगी।

### निरीक्षण दल में कौन-कौन थे शामिल

इस कार्रवाई में कृषि अधिकारी आशुतोष श्रीवास्तव, तहसीलदार आयुष तिवारी, उर्वरक निरीक्षक जयप्रकाश गुप्ता, पटवारी प्रणवीर सिंह, ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी देवेश निराला और विजय आनंद कुर्रे शामिल रहे। टीम ने सरसीवां के अन्य खाद विक्रेताओं का भी निरीक्षण किया, ताकि और कहीं कालाबाजारी तो नहीं हो रही।

# लापता 45 वर्षीय व्यक्ति का शव गिधौरी के महानदी में मिला, इलाके में सनसनी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गिधौरी

कसडोल थाना क्षेत्र के ग्राम खैरा निवासी त्रिलोचन श्रीवास पिता सहदेव प्रसाद श्रीवास 45 वर्षीय व्यक्ति का शव गिधौरी के महानदी में तैरता हुआ मिला है। जिससे ईलाके में सनसनी फैल गई है। मिली जानकारी के अनुसार ग्राम खैरा निवासी त्रिलोचन श्रीवास पिता सहदेव प्रसाद श्रीवास 45 वर्ष ने दिनांक 1 सितंबर को बिना बताए घर से निकल गये थे। परिवार के लोग उनकी खोजबीन में जुटे हुए थे। और त्रिलोचन श्रीवास की गुमशुदगी की रिपोर्ट 2 सितंबर को कसडोल थाना में किया गया था।



लेकिन उनका कोई सुराग नही मिल रहा था। बुधवार 3 सितंबर को गिधौरी के महानदी में तकरीबन 12 बजे के एक शव नदी में तैरते हुए। ग्रामीणों के द्वारा देखा गया जहां वहां भीड इकट्ठा हो गया था जिसके बाद महानदी में तैरते हुए शव की जानकारी ग्रामीणों ने गिधौरी थाना में दिया गया । पुलिस मोके पर पहुंची और शव को महानदी से बाहर निकाला गया । शव की शिनाख्त लापता ग्राम खैरा निवासी त्रिलोचन श्रीवास पिता.सहदेव प्रसाद श्रीवास के रूप में हुई है । शव पुरी तरह से फुल गया और बदबू आना शुरू हो गया था और मृतक लाल कलर की टीशर्ट पहना हुआ था ।मृतक की शव ग्राम खैरा जोंक नदी से बह कर महानदी में आये हुए थे। पुलिस ने परिजनों को मौके पर बुलाकर शव का पंचनामा किया गया और पोस्टमार्टम के लिए कसडोल सीएचसी भेज दिया गया । पुलिस फिलहाल बुजुर्ग की मौत के कारणों की जांच कर रही है।

### तीसरा दिन मिला शव

*त्रिलोचन श्रीवास के अचानक लापता होने पर उनका परिवार परेशान था और लगातार उनकी तलाश कर रहे थे । तीन दिन बाद उनका शव गिधौरी के महानदी में शव मिलने से परिवार पर दुखों का पहाड़ टुट पडा है पुलिस इस बात की जांच कर रही है की बुजुर्ग की मौत आत्महत्या है या इसके पीछे कोई और कारण है।*

# सीसी रोड का हुआ भूमिपूजन कीचड़ से मिलेगी निजात

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अर्जुनी

जनपद पंचायत बलौदाबाजार क्षेत्र अंतर्गत ग्राम पंचायत खैरताल में 02 सितंबर को अंबुजा फाउंडेशन द्वारा सीसी रोड का भूमिपूजन किया गया। अंबुजा फाउंडेशन से स्वीकृत दस लाख 29 हजार 859 रुपए से सीसी रोड निर्माण होगा। उक्त स्वीकृत राशि से दुर्गा चौक से लेकर चंदराम वर्मा के घर तक ढाई सौ मीटर सीसी रोड का निर्माण किया जाना है। सीसी रोड का भूमिपूजन मंजूषा दास अंबुजा फाउंडेशन प्रोग्राम मैनेजर रवान द्वारा किया गया। ढाई सौ मीटर लंबी सीसी रोड बनने से वार्डवासियों एवं ग्रामीणों को कीचड़ से मुक्ति मिलेगी। सीसी रोड निर्माण भूमिपूजन कार्यक्रम के दौरान मंजूषा दास अंबुजा फाउंडेशन प्रोग्राम, मैनेजर रवान देवकरण बिन झाड़े सीनियर प्रोजेक्ट ऑफिसर रवान, खैरताल सरपंच प्रेमशंकर वर्मा, उपसरपंच राखी बंजारे, तोपसिह ध्रुव, तोरण वर्मा, विमल वर्मा, ज्योति वर्मा, तारा वर्मा, बलराम विश्वकर्मा, परसु विश्वकर्मा, सरोज लहरे ठेकेदार, विकास ध्रुव, नरसिंह साहू, दामिनी विश्वकर्मा, भागीरथी साहू, संतोष साहू, गज्जू यादव, सहित पंचायत प्रतिनिधि एवं ग्रामीण जन मौजूद थे।




## मामले में प्रशासन की चुप्पी के चलते ग्रामीणों में बढ़ रहा आक्रोश

# सुहेला-बलौदाबाजार मार्ग पर ओवरलोड ट्रकों की रफ्तार बेलगाम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सुहेला

सुहेला से बलौदा बाजार तक का प्रमुख मार्ग इन दिनों अव्यवस्था और प्रशासनिक निष्क्रियता का प्रतीक बनता जा रहा है। ग्रामीणों ने बताया कि इस मार्ग पर कोयला, गिट्टी और अन्य निर्माण सामग्रियों से लदे भारी-भरकम ओवरलोड ट्रक बिना किसी रोक-टोक के धड़ल्ले से दौड़ रहे हैं।



तेज रफ्तार और बिना ढके मालवाहनों के कारण जहां एक ओर यातायात प्रभावित हो रहा है, वहीं दूसरी ओर राहगीरों, विशेषकर दोपहिया चालकों, पैदल यात्रियों और स्कूली बच्चों की जान पर खतरा मंडरा रहा है।



### सड़क पर गिरती सामग्री से हादसे का खतरा

*स्थानीय निवासियों के अनुसार, कई बार तेज रफ्तार ट्रकों से कोयला, गिट्टी आदि सड़क पर गिरते हैं, जिससे वाहन फिसलते हैं और दुर्घटनाएं होते-होते बचती हैं। हाल ही में एक घटना में ग्रामीण किसान नेतराम, जो पड़कीडीह मार्ग से अपने खेत से साइकिल से लौट रहे थे, कोयले के टुकड़े की चपेट में आ गए। सौभाग्य से उन्होंने टोपी पहन रखी थी, जिससे गंभीर चोट टल गई। नेतराम का कहना है कि यदि वह टुकड़ा आंख या चेहरे पर लगता, तो जानलेवा साबित हो सकता था।*





### प्रमुख समस्या है ओवरलोडिंग

ट्रक चालक खुलेआम नियमों का उल्लंघन कर रहे हैं और प्रशासन की आंखों के सामने ओवरलोड ट्रकों का संचालन धड़ल्ले से जारी है। वहीं गिरती सामग्री सड़क को फिसलन भरा और खतरनाक बना रही है, जिससे छोटे वाहन चालकों के लिए यह मार्ग बेहद असुरक्षित हो गया है। इस मार्ग से गुजरने वाले स्कूली बच्चों और राहगीरों के लिए यह स्थिति अत्यंत चिंताजनक बन गई है।

### जनता की प्रमुख मांगें

ओवरलोड ट्रकों पर तत्काल और सख्त कार्रवाई की जाए, मालवाहक ट्रकों को ढक कर चलाने के नियमों का कड़ाई से पालन कराया जाए, सड़क की नियमित सफाई सुनिश्चित की जाए, विशेष रूप से कोयले व गिट्टी के गिरने वाले क्षेत्रों में, संवेदनशील स्थानों पर स्पीड ब्रेकर एवं चेतावनी बोर्ड लगाए जाएं, पुलिस एवं परिवहन विभाग की ओर से नियमित पेट्रोलिंग कराई जाए। क्षेत्रवासियों ने शासन-प्रशासन से अपील की है कि इस समस्या को गंभीरता से लिया जाए और शीघ्र ठोस कार्रवाई की जाए। यदि समय रहते कदम नहीं उठाए गए, तो यह मार्ग किसी दिन एक बड़े हादसे का कारण बन सकता है।

# बिटकुली में श्रमिक पंजीयन शिविर का आयोजन



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार

श्रम विभाग द्वारा संचालित छत्तीसगढ़ भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार कल्याण मण्डल तथा छत्तीसगढ़ असंगठित कर्मकार राज्य सामाजिक सुरक्षा मण्डल अंतर्गत श्रमिकों के पंजीयन तथा नवीनीकरण हेतु ग्राम पंचायत बिटकुली में शिविर का आयोजन किया गया। इसमें 50 श्रमिकों का पंजीयन किया गया। शिविर में श्रम विभाग द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं के बारे में ग्रामीणों को जानकारी दी गई तथा अधिक से अधिक श्रमिकों का पंजीयन कराने हेतु अपील की गई। इस दौरान श्रम विभाग से कल्याण अधिकारी सत्यनारायण अंनत, विरेन्द्र बोइरबंश, बिटकुली सरपंच हेमंत कोसरे सहित ग्रामीणजन उपस्थित रहे ।

## खबर संक्षेप

### तिल की फसल बनी किसानों की पसंद



**मुंडा।** ग्राम पंचायत पैजनी मैं अधिकांश किसान द्वारा अपने-अपने मेड में उन्नत किस्म की तिल लगाए हुए हैं जोहनलाल वर्मा ने बताया तिल की फसल के लिए बहुत ही कम पानी की जरूरत होती है जो इस वर्ष बहुत ही अनुकूल है जिससे इस वर्ष तिल की फसल अच्छा है उत्पादन भी अच्छा होने की उम्मीद तिल की फसल कम समय में हो जाता है इसलिए अन्य किसानों को तिल की फसल बोने के लिए प्रेरित व जागरूक कर रहे हैं।

### शारीरिक शिक्षक संघ का चुनाव संपन्न



**पलारी।** बलौदाबाजार जिले के शारीरिक शिक्षक संघ का चुनाव प्रदेश शारीरिक शिक्षक संघ के पर्यवेक्षक की उपस्थिति में सम्पन्न किया गया। जिसमें जिले के सभी पदाधिकारियों का चयन सभी के सहमति से निर्विरोध किया गया। अध्यक्ष पद के लिये आलोक मिश्रा कसडोल, सचिव पद के लिए परिचय मिश्रा भाटापारा, कोषाध्यक्ष के लिए याशमीन अफरोज बलौदाबाजार, महिला प्रतिनिधि प्रीति जलहरे बालौदाबाजार, उपाध्यक्ष श्रीधर राव सिमगा, संतोष साहू कसडोल, चंद्रकांत बागडे भाटापारा, हेमलता कन्नौजे पलारी, मंजू प्रजापति बालौदाबाजार, सह सचिव पद के लिए राजेश मांडले पलारी, तरुण सेन भाटापारा को नियुक्त किया गया।

### परिवर्तिनी एकादश पर महिलाओं ने रखा व्रत

**महासमुंद।** ग्राम खरोरा के राममंदिर में परिवर्तिनी एकादश पर महिलाओं ने व्रत रखकर पूजा अर्चना की। हीरेंद्र वैष्णव ने बताया कि हिंदू धर्म में एकादशी का व्रत सबसे शुभ माना गया है। यह भाद्रपद माह के शुक्ल पक्ष की परिवर्तिनी एकादशी को 4 अगस्त को मनाया गया। इस दिन भगवान विष्णु योग निद्रा में अपनी करवट बदलते हैं, इसलिए इसे परिवर्तिनी एकादशी कहा जाता है। इस दिन भगवान विष्णु के वामन अवतार की पूजा का विशेष महत्व है। ऐसी मान्यता है कि इस दिन व्रत रखने और इसकी व्रत कथा का पाठ करने से व्यक्ति के सभी पापों का नाश होता है और उसे मोक्ष की प्राप्ति होती हैं। इस दौरान उषा, उतरा, फुलेश्वरी, कुलेश्वरी, विमला, सरोज आदि मौजूद रहीं।

### सेवानिवृत शिक्षकों का सम्मान कल

**महासमुंद।** छत्तीसगढ़ पेंशनधारी कल्याण संघ की मासिक बैठक 5 सितंबर शुक्रवार को 2 बजे आयोजित है। बैठक में सेवानिवृत्त शिक्षकों एवं नए सदस्यों का सम्मान किया जाएगा। बैठक में चालू सत्र में सेवानिवृत शिक्षकों का सम्मान, ऐसे सदस्य जिनका जन्म तिथि इस महीने में है, उनका जन्मदिन मनाना जाएगा। पेंशनरों की समस्याओं के निराकरण संबंधी जानकारी दी जाएगी। उक्त जानकारी कार्यालय सचिव बीआर ध्रुव ने दी है।

### बाढ़ प्रभावित बच्चों को अध्ययन सामग्री वितरित

**गीदम।** जिला पंचायत सदस्य सुलोचना कर्मा ने अपने क्षेत्र में हाल ही में आई भीषण बारिश और बाढ़ से प्रभावित बच्चों के लिए सराहनीय पहल की है। बाढ़ के कारण कई घर पूरी तरह गिर गए और अनेक परिवारों का आवश्यक सामान बह गया। 'इसमें बच्चों की कॉपी, पुस्तकें तथा अन्य अध्ययन सामग्री भी नष्ट हो गई। बच्चों की शिक्षा प्रभावित न हो इसके लिए सुलोचना कर्मा ने स्वयं के स्तर पर अध्ययन सामग्री आदि का जरूरतमंद बच्चों को वितरित किया। कहा कि बच्चे हमारे समाज का भविष्य हैं। बाढ़ जैसी आपदा से उनकी पढ़ाई प्रभावित न हो, यही हमारी प्राथमिक जिम्मेदारी है। जब से बाढ़ आई है, तब से वह लगातार क्षेत्र में जाकर लोगों से संपर्क कर रही हैं।

# पर्यूषण पर्व है उत्तम तप का धर्म आत्मा की शुद्धि का है मार्ग : पं. डीपी जैन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार

जैन समाज द्वारा मनाए जा रहे पर्यूषण पर्व का दिन "उत्तम तप धर्म" के रूप में भक्ति एवं श्रद्धा के साथ मनाया गया। इस दिन को आत्मा की शुद्धि और कर्मों के क्षय के लिए विशेष माना जाता है। कठिनाइयों को सहन करना, उपवास और साधना करना ही तप कहलाता है।

श्री जी के अभिषेक के लिए प्रथम चार कलश का सौभाग्य रवि जैन, जैनम जितेंद्र जैन, आदि प्रवीण जैन एवं निष्कर्ष ऋषभ जैन को प्राप्त हुआ। वहीं श्रीजी की प्रतिमा पर शांति धारा करने का सौभाग्य जैन समाज के अध्यक्ष दिनेश जैन को मिला, जिन्होंने यह शांति धारा अपने पूज्य स्व. नेमीचंद जैन की स्मृति में की।

आज की महाआरती का सौभाग्य एक ही परिवार की देवरानी-जेठानी – विमला देवी इंद्रकुमार जैन, निर्मला देवी कपूरचंद जैन, बीना देवी पदमचंद जैन एवं साधना अनूप जैन को प्राप्त हुआ। शांति धारा पाठ पदमचंद जैन ने किया। धार्मिक भजनों की प्रस्तुति ऋषभ भैया और सौरभ भैया सकरी वाले ने दी, जिससे मंदिर परिसर भक्ति भाव से सराबोर हो



उठा। इस अवसर पर अध्यक्ष दिनेश जैन ने कहा कि तपना ही तप धर्म है, बिना तप और मेहनत के जीवन में निखार संभव नहीं है।



### तपस्या और उपवास से आता है आत्मा में तेज

पंडित डी.पी. जैन तथा भिंड से आए विद्वान पंडित ने भी प्रवचन देते हुए बताया कि तपस्या और उपवास से आत्मा में तेज उत्पन्न होता है। पूरे दिन मंदिर परिसर में बड़ी संख्या में समाजजन उपस्थित होकर धर्ममय वातावरण में सहभागी बने।



### गणेश पंडाल में सामूहिक हनुमान चालीसा पाठ हुआ

**बिरकोनी।** ग्राम बिरकोनी स्थित बाजार चौक गणेशोत्सव समिति द्वारा मंगलवार को शाम 7 बजे सामूहिक हनुमान चालीसा पाठ का आयोजन किया गया। जिसमें सनातन धर्म सेवा समिति का सहयोग रहा। पंडाल के नीचे भगवाधारी भक्त व ग्रामीणों ने एक स्वर में जय हनुमान ज्ञानगुण सागर से पंडाल गूंजायमान रहा। इसके बाद गणेश वंदना सहित विविध कार्यक्रम की शुरुआत की गई। इस दौरान पंडाल में भव्य सजावट आकर्षक का केंद्र रहा। इस अवसर पर पंडित लक्ष्मीनारायण महाराज, आरएल साहू, डॉ केके हनुमंता, तेजेश्वर साहू, घनश्याम साहू, भूपेंद्र चंद्राकर, मुकेश निषाद, तुलसराम, चुकु चंद्राकर, घनश्याम साहू, महेश साहू, रमेश पटेल, संतोष निषाद, डोलू साहू, घनश्याम चंद्रकार मौजूद रहे।

# ग्राम शिकारी केसली के बच्चों ने बनाई मिट्टी की गणेश प्रतिमा गांव में छाई भक्ति की भावना



हरिभूमि न्यूज ▶▶| सुहेला

ग्राम शिकारी केसली में इस गणेश चतुर्थी के अवसर पर एक अनोखी मिसाल देखने को मिली। जहां एक ओर अधिकांश लोग बाजार से रंग-बिरंगी और बड़ी-बड़ी गणेश मूर्तियां खरीदकर लाते हैं, वहीं गांव के छोटे-छोटे बच्चों ने मिलकर मिट्टी से सुंदर गणेश प्रतिमा का निर्माण किया और उसे गांव के चौक में विराजमान किया। बच्चों का नेतृत्व कर रहे जितेंद्र ने बताया कि हम सभी 5-6 दोस्तों ने मिलकर यह मूर्ति बनाई है। हमारे पास बाजार से महंगी मूर्ति खरीदने के लिए पैसे नहीं थे, लेकिन हम सबने सोचा कि हम खुद ही अपने हाथों से गणेश जी बनाएंगे। बच्चों ने प्रतिदिन सुबह और शाम आरती कर पूजा-अर्चना शुरू की है, जिसमें गांव के अन्य लोग भी भाग ले रहे हैं। सभी को प्रसाद भी बांटा जा रहा है। बच्चों की यह पहल पूरे गांव में चर्चा का विषय बनी हुई है और हर कोई उनके इस कार्य की सराहना कर रहा है।

# भाजयुमो प्रदेश अध्यक्ष के लिये शोसल मीडिया में फैलाई अफवाह, शिकायत दर्ज

**हरिभूमि न्यूज पलारी।** भाजयुमो प्रदेश अध्यक्ष राहुल योगराज टिकरिहा के खिलाफ सोशल मीडिया में फैलाई जा रही झूठी अफवाहों पर भाजयुमो द्वारा थाना पलारी में एफ.आर.आई दर्ज करने हेतु आवेदन दिया गया। इस अवसर पर भाजपा मंडल पलारी अध्यक्ष पवन वर्मा, महामंत्री संतोष वर्मा, रोहासी मंडल महामंत्री उमेश यदु, भाजयुमो मंडल अध्यक्ष पलारी भोला वर्मा, भाजयुमो प्रदेश विशेष आमंत्रित सदस्य लोकेश यदु, भाजयुमो उपाध्यक्ष गौतम यादव, पार्षद नगर पंचायत रोहासी लखन यादव, भाजयुमो मीडिया प्रभारी योगेश वर्मा, युवा नेता हरिकीर्तन यादव, जितेंद्र देवांगन, युगल किशोर वर्मा, कामेश साहू ,युगलकिशोर साहू, जगत, राजु सेन ,हेमकिशन साहू सहित युवा मोर्चा के कार्यकर्ता उपस्थित रहे।




# चिचिरदा में आयोजित हुआ भाषा एवं कला प्रदर्शनी



**हरिभूमि न्यूज मुंडा।** छत्तीसगढ़ राज्य स्थापना के रजत जयंती के अवसर पर शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला में भाषण एवं कला प्रदर्शनी का आयोजन हुआ जिसमें शाला प्रबंध समिति के अध्यक्ष त्रिलोकी नाथ निषाद, नाथू राम पैकरा, ओम प्रकाश पैकरा, करन प्रभुवा, त्रिलोकी पटेल, प्रमोद कुमार यादव, बीर सिंह पैकरा सहित संस्था प्रमुख भीज राम वर्मा, मनोज ध्रुव, लता ध्रुव, प्यारेलाल बरेठ, नरदू राम पैकरा, पापू राम वर्मा, रमेश दीवान, प्रभा वर्मा, डीगेश्वर साहू, हरेंद्र साहू, जगेश्वर चतुर्वेदी, प्यारे लाल पैकरा, देहुती दीवान, सहित छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।

बच्चों द्वारा बनाए गए मॉडल आकर्षण का केंद्र रहा लगभग 85 बच्चों ने इस कार्यक्रम में अपना मॉडल प्रदर्शित किया। अतिथियों द्वारा अवलोकन पश्चात प्रथम 10 बच्चों व समूह को कॉपी पेन देकर पुरस्कृत किया गया। व बाकी प्रतिभागियों को पेन से सम्मानित किया गया। बच्चों का कबाड़ से प्रयोग व उत्साह की सभी लोगों ने भूरी भूरी प्रशंसा की।

# कन्या शाला व अंबुजा फाउंडेशन में लगा विधिक साक्षरता शिविर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार

प्रधान जिला न्यायाधीश एवं अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण बलौदाबाजार अब्दुल जाहिद कुरैशी के निर्देशन तथा सचिव अमिता जायसवाल सिविल जज के मार्गदर्शन में भाटापारा स्थित पंचम दिवान कन्या उच्चतर माध्यमिक शाला एवं अंबुजा फाउंडेशन में विधिक साक्षरता शिविर का सफल आयोजन किया गया।

शिविर में छात्राओं को लैंगिक उत्पीड़न अधिनियम, रैगिंग अधिनियम, मोटरयान अधिनियम, बाल विवाह निषेध कानून, साइबर क्राइम तथा लोक अदालत के महत्व के संबंध में विस्तृत जानकारी दी गई। साथ ही उन्हें जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की कार्यप्रणाली से भी अवगत कराया



गया। छात्राओं ने उत्साहपूर्वक सहभागिता करते हुए कई प्रश्न पूछे, जिनका समाधान विशेषज्ञों द्वारा किया गया।

सचिव द्वारा छात्राओं को भविष्य के करियर निर्माण हेतु प्रेरित करते हुए बताया गया कि प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी प्रारंभिक स्तर से ही करनी चाहिए। उन्हें पढ़ाई के साथ-साथ खेलकूद, व्यायाम, मेडिटेशन एवं साक्षात्कार की तैयारी के महत्व के बारे में मार्गदर्शन दिया गया। परीक्षा के दौरान एकाग्रता बनाए रखने तथा कठिनाइयों से जूझने के उपाय भी साझा किए गए, जिससे छात्राएं अत्यंत उत्साहित हुईं। कार्यक्रम के अंत में आगामी 13 सितंबर 2025 को आयोजित होने वाली राष्ट्रीय लोक अदालत की तैयारियों को लेकर तालुका विधिक सेवा समिति भाटापारा के अध्यक्ष सतीश कुमार जायसवाल अपर सत्र न्यायाधीश एवं अन्य पदस्थ न्यायाधीशों से चर्चा की गई।

# चकवे ग्राम पंचायत में रामचरितमानस का भव्य आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| खरोरा

अंचल के ग्राम पंचायत चकवे में प्रतिवर्ष अनुसार इस वर्ष भी बजरंग गणेश उत्सव समिति एवं युवा संगठन के संयुक्त तत्वाधान में रामचरितमानस का आयोजन बड़े धूमधाम से किया गया। यह आयोजन ग्राम के हृदय स्थल बजरंग चौक पर संपन्न हुआ। समिति द्वारा आयोजित इस कार्यक्रम में आकाशवाणी रेडियो सिंगर, दूरदर्शन लोक कलाकार एवं तुलसी की बोली मानस मंडली घोरभट्टी ने शानदार प्रस्तुतियां दीं। कलाकारों ने रामचरितमानस में वर्णित शिव–सती प्रसंग का सुंदर मंचन किया।

आयोजन में उपस्थित दर्शक मंडली ने संगीत और भक्ति की धुन पर नृत्य कर कार्यक्रम का भरपूर आनंद लिया। कार्यक्रम का सफल संचालन मोहित कुमार साहू ने किया। आयोजन समिति में प्रकाश, गुलशन, संदीप, दिगेश्वर, धनेश्वर, रूपेश निषाद, किशन लाल, संजू साहू, अनोद कुमार का विशेष योगदान रहा। कार्यक्रम में ध्वनि संचालन लकी सुपर साउंड चोरभट्टी द्वारा किया गया। कलाकारों में हारमोनियम – टुकेश्वर वर्मा, तबला – सेतराम साहू, बांसुरी – मुकुंद



यादव, पैड – संजू साहू, बैंजो – मनीष दीवार, नाल – सारन ध्रुव का नाम प्रमुख रहा।




# स्वदेशी अपनाने सम्मेलन का आयोजन

**हरिभूमि न्यूज पलारी।** बुधवार को प्राचार्य के मार्गदर्शन अनुसार स्वावलंबी भारत अभियान छत्तीसगढ़ के तहत शासकीय बृजलाल वर्मा महाविद्यालय पलारी में स्वदेशी उद्यमिता प्रोत्साहन सम्मेलन का आयोजन किया गया था। उक्त कार्यक्रम में डॉक्टर जय नारायण केसरवानी पूर्व प्राचार्य एवं सौरभ साहू स्वदेशी जनगणना मंच जिला संयोजक में मुख्य वक्ता के रूप में उपस्थित थे जिसमें वक्ता द्वारा स्वावलंबी भारत अभियान के बारे में विस्तार से चर्चा किया किया गया एवं स्वदेशी सामग्री को प्राथमिकता देते हुए भारतीय अर्थव्यवस्था को मजबूत करना छात्र-छात्राओं को अपने व्यक्तित्व विकास करते हुए विदेशी सामग्री को अपनाते हुए विदेशी वस्तुओं को त्याग कर स्वावलंबी भारत की ओर अग्रसर होना।

# जरूरतमंद बच्चों के साथ मनाया बेटा का जन्मदिन



हरिभूमि न्यूज ▶▶| सुहेला

जन्मदिन के अवसर पर केक काटना और पार्टी मनाना आम बात है, लेकिन अजय दास ने इस परंपरा से हटकर अपनी बेटा का जन्मदिन कुछ खास और यादगार तरीके से मनाया। शनिवार को उन्होंने अपनी 2 वर्षीय बेटा आदि दास का जन्मदिन शासकीय प्राथमिक विद्यालय जाकर जरूरतमंद बच्चों के साथ मनाया। अजय दास प्राथमिक शासकीय विद्यालय पहुंचे और वहां अध्ययनरत बच्चों को पठन-सामग्री जैसे पेंसिल, रबर, कलर बॉक्स,पेंसिल बॉक्स, कॉपियां और वाटर बोतल भेंट की। बच्चों के चेहरों पर मुस्कान देख अजय ने बताया कि वह यह देखकर बेहद खुश हैं कि उनका छोटा सा प्रयास बच्चों को खुशी दे सका। अजय दास ने बताया कि आमतौर पर लोग जन्मदिन पर घर में केक काटते हैं, मेहमान बुलाते हैं और हजारों रुपये खर्च कर देते हैं। लेकिन उन्होंने सोचा कि क्यों न वही पैसा उन बच्चों की मदद में लगाया जाए जिन्हें वास्तव में जरूरत है।

### इंटरनेट के उपयोग में सतर्कता बरतने की दी नसीहत

# पचरी में छात्रों को दी गई साइबर सुरक्षा की जानकारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| खरोरा

रायपुर साइबर ब्रांच की टीम ने शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय पचरी में छात्रों के बीच साइबर सुरक्षा से संबंधित जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया। कार्यक्रम की शुरुआत सरस्वती माता की पूजा-अर्चना से की गई। इस अवसर पर विद्यालय के प्राचार्य प्रकाशचंद गिलहरे ने टीम का स्वागत करते हुए छात्रों को साइबर सुरक्षा की जानकारी प्राप्त करने हेतु प्रोत्साहित किया।

कार्यक्रम में साइबर ब्रांच के अधिकारी एस.आई. हेमंत सिंह, साइबर एक्सपर्ट प्रवीण कुमार शुक्ला एवं रविकांत परिहार ने उपस्थित छात्रों को साइबर अपराधों के प्रकार, उनसे बचाव के उपाय,



सुरक्षित इंटरनेट उपयोग तथा सोशल मीडिया के जिम्मेदाराना इस्तेमाल के संबंध में विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने बताया कि इंटरनेट का प्रयोग करते समय सतर्कता बरतना ही साइबर अपराध से बचाव का सबसे कारगर उपाय है। इस अवसर पर विद्यालय के शिक्षकगण अशोक कुमार कोशले, भूमिसुता चौधरी, शारेका खान, आराधना बहुगुणा, रविकांत पांडे एवं संतोष धीवर सहित अन्य शिक्षकगण भी उपस्थित रहे। कार्यक्रम के अंत में छात्रों ने साइबर टीम से विभिन्न प्रश्न पूछकर अपने संदेह दूर किए। विद्यालय परिवार ने इस ज्ञानवर्धक एवं जागरूकता बढ़ाने वाले कार्यक्रम हेतु रायपुर साइबर ब्रांच की टीम का आभार व्यक्त किया।

# सहायक शिक्षक ने जन्मदिन पर कराया न्योता भोज

**हरिभूमि न्यूज खरोरा।** प्राथमिक विद्यालय नहरडीह के सहायक शिक्षक प्रदीप खूंटे ने अपने जन्मदिन के अवसर पर विद्यालय परिसर में बच्चों और ग्रामीणों के लिए न्योता भोज का आयोजन किया। इस अवसर पर बच्चों को भजिया, चटनी, स्नैकर, केक, केला, दाल, भात, सब्जी और खीर परोसी गई। स्वादिष्ट व्यंजनों का सभी ने आनंद लिया। भोज कार्यक्रम में गांव के गणमान्य नागरिक, अभिभावक तथा जनप्रतिनिधि भी बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। सभी ने प्रदीप खूंटे को जन्मदिन की शुभकामनाएं दीं और



उनके इस प्रेरणादायी कार्य की सराहना की।

## खबर संक्षेप

### गणेश बने राजपूत क्षत्रिय महासभा के प्रदेश अध्यक्ष

**महासमुंद**। राजपूत क्षत्रिय चौहान महासभा 5980 के त्रिवर्षीय चुनाव में तीन प्रत्याशी प्रदेश अध्यक्ष पद के लिए मैदान में थे। जिसमें महासमुंद के गणेश सिंह चौहान ने जीत हासिल की और फिर प्रदेश अध्यक्ष निर्वाचित हुए हैं। यह चुनाव 10 जिले के 25 बूथों में मतदान प्रक्रिया से हुआ है। जिसमें चार पद अध्यक्ष, उपाध्यक्ष, सचिव और कोषाध्यक्ष के लिए समाज के सदस्यों ने भाग लेकर मतदान किया और नया मुखिया चुन लिया है। गणेश सिंह प्रदेश अध्यक्ष, राम सिंह कवर्धा से उपाध्यक्ष, टिकेंद्र सिंह बेमेतरा से कोषाध्यक्ष एवं सूरज सिंह प्रदेश सचिव निर्वाचित हुए। गणेश सिंह चौहान इसके पूर्व भी प्रदेश अध्यक्ष निर्वाचित हुए थे, यह उनका दूसरा कार्यकाल होगा।

### बावनकेरा स्कूल में हुआ शिक्षकों का पालक संपर्क

**महासमुंद**। शासकीय उच्च एवं प्राथमिक शाला बावनकेरा के शिक्षकों द्वारा ग्राम बावनकेरा में अनुपस्थित छात्रा छात्राओं के घर जाकर पालकों से संपर्क किया गया। अनुपस्थित छात्र युवराज पिता बेलेराग, नितिश पिता नारायण, लोकेश्वरी, मयंक, डोगेश्वर से संपर्क किया गया। संपर्क करने वाले शिक्षकों में श्यामलाल मन्नार्ड, मोकाशदार साहू, हेमलाल साहू, भानुप्रताप चंद्राकर, सरिता चंद्राकर, उमेश्वरी ध्रुव आदि ने अनुपस्थित बच्चों के पार जाकर पालक सम्पर्क किया। पालकों ने अपने बच्चों को शाला भेजने की बात कहीं।

### तलवारबाजी राज्य स्तरीय शालेय क्रीड़ा प्रतियोगिता में दो छात्राओं का चयन

**महासमुंद**। द न्यू होली फेथ स्कूल की दो छात्राओं अंडर 14 वर्ष बालिका वर्ग में महिका बंजारे कक्षा आठवीं एवं तारिणी साहू कक्षा सातवीं ने अपने शारीरिक सौष्ठव, बुद्धि कौशल से उत्कृष्ट प्रदर्शन कर राज्य स्तरीय शालेय फैंसिंग क्रीड़ा (तलवार बाजी) प्रतियोगिता के लिए चयन हुआ। विद्यालय की बालिकाओं ने खेल प्रशिक्षक जगदीश धीवर के मार्गदर्शन में प्रशिक्षण प्राप्त किए। इस प्रशिक्षण के फलस्वरूप बालिकाओं ने अंडर 14 वर्ष बालिका वर्ग के अंतर्गत संभाग स्तरीय प्रतियोगिता बालाजी विद्या मंदिर रायपुर में 21 अगस्त को आयोजित हुई थी। जिसमें उत्कृष्ट प्रदर्शन कर राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में सम्मिलित होने के लिए स्थान बनाया। यह राज्य स्तरीय प्रतियोगिता पाटन जिला दुर्ग में 04 सितंबर से 07 सितंबर तक आयोजित होगी। छात्राओं की इस उपलब्धि पर संस्था के चेयरमैन महेंद्र जैन, प्राचार्य शर्वरी पींचा, समिति मेंबर नंदनी चतुर्वेदी, कविता पींचा, पीयूष लूनिया, किशोर शुक्ला, कमल लूनिया, दिलीप बोथरा, कक्षा शिक्षक जयेश जैन, वसुंधरा यदु एवं शाला परिवार के समस्त शिक्षकों ने हर्ष जताया है।

### नगर के अधिकांश सड़कें जर्जर, उड़ रही धूल

**महासमुंद**। आम आदमी पार्टी जिलाध्यक्ष राकेश झाबक ने कहा कि महासमुंद शहर की मेन रोड चाहे अंदर बस्ती की रोड हो, सभी की हालत खराब हो गई है। बड़े-बड़े गड्ढे हो गए हैं। पानी भरा हुआ रहता है बरसात में और जब धूप निकलती है तो दो गाड़ियों से पूरा रोड धूल से भर जाता है। बीटीआई रोड महासमुंद में नया गौरव पथ बन रहा है, जो कि अधूरा पड़ा हुआ है। गौरव पथ का काम भी बंद पड़ा है, जिससे शहरवासियों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। चाहे स्कूल के बच्चे हो या आम नागरिक हो कीचड़ गड्ढे धूल से त्रस्त है। नगर पालिका पीडब्ल्यूडी डिपार्टमेंट में कोई भी किसी प्रकार का ध्यान नहीं दिया जा रहा है।

## निधन

### मेलन बाई साहू

**पलारी** । ग्राम दतान (प.) निवासी मेलन बाई साहू 95 वर्ष का आकस्मिक निधन हो गया है



जिनका काठी अंतिम संस्कार का कार्यक्रम गृहग्राम में किया गया । वे श्रीराम, मानसिंग, चम्मन, व उत्तम साहू के माता थी । शोक व्यक्त करने वाले मे ग्रामीण साहू समाज सहित,बड़ी संख्या में ग्रामीण,वरिष्ठ जन शामिल थे।

---

### बीट क्रमांक 25 व 26 में नीलगिरी व औषधीय पेड़ों का हो रहा निर्मम दोहन

# धाराशिव बीट में नीलगिरि पेड़ों की अंधाधुंध की जा रही कटाई पर वन विभाग मौन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मुंडा



जहां एक ओर सरकार पर्यावरण संरक्षण और वृक्षारोपण के लिए करोड़ों रुपये खर्च कर रही है, वहीं दूसरी ओर धरातल पर जंगलों को उजाड़ने का कृत्य बेलगाम हो गया है। धाराशिव जंगल के बीट क्रमांक 25 और 26 में नीलगिरी समेत कई कीमती व औषधीय पेड़ों की अवैध कटाई धड़ल्ले से की जा रही है। स्थानीय ग्रामीणों का कहना है कि कुछ लोग पैसों के लालच में बेशकीमती पेड़ों को भी नहीं छोड़ रहे हैं।

- लालच में अंधाधुंध कटाई, पर्यावरणीय संकट गहराने की आशंका

धाराशिव जंगल कभी घने हरियाली के लिए जाना जाता था, लेकिन अब यह जंगल लकड़ी माफियाओं के निशाने पर है। मोटे-मोटे पेड़ रातोंरात काटकर बाजार में बेचे जा रहे हैं और वन विभाग आंख मूंदे बैठा है। सूचना बॉक्स 1 वन विभाग की निष्क्रियता बनी विनाश का कारण ग्रामीणों का आरोप है कि बार-बार शिकायत करने के बावजूद वन विभाग के जिम्मेदार अधिकारी कोई कार्रवाई नहीं कर रहे हैं। बीट क्रमांक 25 और 26 में अवैध कटाई लंबे समय से जारी है, लेकिन न तो गश्त की जा रही है और न ही निगरानी। इससे माफियाओं के हौसले बुलंद हैं। सूचना बॉक्स 2 पर्यावरण संकट की ओर बढ़ता क्षेत्र वृक्षों की अंधाधुंध कटाई से क्षेत्र में हरियाली कम हो रही है। तापमान में बढ़ोतरी, वर्षा में कमी और हवा की गुणवत्ता में गिरावट जैसी समस्याएं सामने आ रही हैं। विशेषज्ञों का मानना है कि यदि यही हाल रहा तो निकट भविष्य में यह इलाका जलवायु संकट का बड़ा शिकार बन सकता है।

#### क्या कहते है बीट प्रभारी

*आपके माध्यम से पेड़ की कटाई होने की जानकारी मिल रही है, मै कल जाकर देखता हूं।*

***उमाशंकर कैवर्त्य, बीट परिसर धाराशिव***

*इस संबंध में प्रशिक्षु डिप्टी रेंजर सिमरन साहू ने कहा कि अभी बाहर हूं मेरी जानकारी में नहीं है।*

---

# नगर के मेला ग्राउंड के पास मिली युवक की संदिग्धावस्था में लाश



हरिभूमि न्यूज ▶▶ गिधौरी

नगर के मेला ग्राउंड में बुधवार सुबह एक युवक की लाश मिलने से सनसनी फैल गई। लाश मिलने की सूचना पर शिवरीनारायण पुलिस मौके पर पहुंची। मृतक के पास रखे सामान की तलाश करने पर मृतक की पहचान हेमंत श्रीवास उम्र 27 वर्ष निवासी तुषार थाना जैजैपुर के रूप में हुई। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराकर परिजनों को सौंप दिया हैं। थाना प्रभारी शिवरीनारायण प्रवीण द्विवेदी ने बताया कि बुधवार की सुबह मेला ग्राउंड में एक युवक मृत अवस्था में पड़ा हुआ मिला।

जिसकी शिनाख्त हेमंत श्रीवास निवासी तुषार थाना जैजैपुर के रूप में हुई। मृतक के परिजनों को घटना की सूचना दी गई। मृतक के परिजनों ने पुलिस को बताया कि एक दिन पहले हेमंत श्रीवास घर से निकला था। मृतक मील में काम करता और शराब पीने का आदि था। मृतक को मिर्गी की बीमारी थी। प्रथम दृष्टया देखने पर शराब का अधिक सेवन करने की वजह से शरीर में पानी की कमी मौत की वजह हो सकती है। मृतक के शरीर में कोई चोट के निशान नहीं हैं। मृत्यु का वास्तविक कारण पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद पता चल पाएगा। शव का पोस्टमार्टम करा कर परिजनों को सौंप दिया गया हैं। पुलिस विवेचना कर रही हैं।

---



# रजत महोत्सव पर रक्तदान शिविर का आयोजन, 50 यूनिट रक्त संग्रहित



**हरिभूमि न्यूज बलौदाबाजार** । कलेक्टर दीपक सोनी के निर्देशानुसार छत्तीसगढ़ रजत महोत्सव के अवसर पर स्वास्थ्य विभाग द्वारा रक्तदान शिविर का आयोजन किया जा रहा है। इसी कड़ी में बुधवार को उद्देश्य से सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र कसडोल मे विशाल रक्तदान शिविर का आयोजन संपन्न हुआ जिसमें 12 छात्राएं और 41पुरुष सहित कुल 53 यूनिट रक्त दान किया गया।

शिविर में मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ राजेश अवस्थी, सिविल सर्जन डॉ अशोक वर्मा, खण्ड चिकित्सा अधिकारी डॉ रविशंकर अज्जगले के निर्देशन मे लोगों को रक्तदान के लिए प्रोत्साहित किया गया। दौलत राम शर्मा कॉलेज, सीएचसी कसडोल स्टाफ, एवं आसपास गांवों के नागरिकों का विशेष योगदान रहा।

---

# केशला में निकाली आक्रोश रैली, महिलाओं ने खोला मोर्चा



**हरिभूमि न्यूज खरोरा** । खरोरा से लगे ग्राम पंचायत केशला में पिछले कई वर्षों से लगातार ग्राम पंचायत केशला के चौंक चौराहों गली मोहल्ले में कोचियों के द्वारा अवैध शराब बिक्री किये जाने शिकायत पर आक्रोशित ग्रामवासियों ने मोर्चा खोला। केशला के जनपद सदस्य सरोज भारद्वाज सतनामी समाज के अध्यक्ष हरिकृतन भारद्वाज एवं ग्रामवासी महिला स्वसहायता समूहों व आमजन शत्रुघ्न सारथी, शत्रुघ्न लाल देवांगन, राजकुमार देवांगन, सतनामी समाज युवा संगठन समाज के भंडारी डेरु बंजारे, उपाध्यक्ष नरेश कुर्रे, गिरीश बंजारे, सचिव वीरेंद्र बंजारे, सुरेश गेंद्रे ,मीडिया प्रभारी सुमित मारकंडे, अनीश चेलक कोषाध्यक्ष पुष्कर भारद्वाज, नारायण भारद्वाज, सतनारायण कुर्रे चंदन बंजारे व जनपद सदस्य प्रतिनिधि मुकेश भारद्वाज के द्वारा सभी शराब कोचिए को अवैध बिक्री बंद करने का अंतिम चेतावनी दी गई ।अन्यथा उग्र आंदोलन किये जाने चेतावनी महिला वाहिनी ने दी है

---

# कृषि विभाग की कार्रवाई, अनियमितता बरतने वाले 6 कृषि केंद्रों को नोटिस जारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बलौदाबाजार

कलेक्टर दीपक सोनी के निर्देश पर जिले में कृषि आदान भण्डारण वितरण व्यवस्था दुरुस्त करने के उद्देश्य से कृषि विभाग के निरीक्षकों द्वारा लगातार कृषि केंद्रों का निरीक्षण कर कार्यवाही की जा रही है। इसी क्रम में बुधवार को क्रृषि विभाग की टीम ने क्रृषि सेवा केंद्रों में दबीश दी और अनियमितता पाए जाने पर 6 केंद्रों को नोटिस जारी किया गया।

- कृषि आदान भण्डारण वितरण व्यवस्था दुरुस्त करने की जा रही कार्रवाई

प्राप्त जानकारी के अनुसार विकासखण्ड बलौदाबाजार निरीक्षक लोकनाथ दीवान द्वारा कुनाल कृषि केंद्र सेम्हराडीह, ग्राम कसियारा में शिवानी कृषि केंद्र एवं राजाराम कृषि केंद्र का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान उर्वरक विक्रय केंद्र में उपलब्ध स्कंध एवं दर सूची संधारित नहीं पाया गया, केश मेमो एवं स्कंध पंजी भी निर्धारित प्रारूप में संधारित नहीं पाया गया। जिस पर विक्रेताओं को कारण बताओं नोटिस जारी किया गया है। इसी तरह सिमगा विकासखण्ड के निरीक्षक जयइंद्र कंवर द्वारा साहू कृषि सेवा केंद्र दामाखेडा, ग्राम तुलसी में गौरव कृषि केंद्र एवं साहू खाद भण्डार का निरीक्षण किया गया।



#### कारण बताओं नोटिस जारी

निरीक्षण के दौरान विक्रय केंद्रों में कालातीत कीटनाशकों का उचित संधारण नहीं पाया गया। समस्त कीटनाशकों का स्तोत्र प्रमाण पत्र संधारित नहीं किया गया, केश मेमो निर्धारित प्रारूप में संधारित नहीं पाया गया। जिस पर विक्रेताओं को कारण बताओं नोटिस जारी किया गया है। सिमगा में संचालित सोनकर कृषि केंद्र एवं किसान कृषि केंद्र का भी निरीक्षण कर आवश्यक निर्देश दिए गए है। विकासखण्ड कसडोल के निरीक्षक धनेश्वर साय द्वारा ग्राम गिधौरी में संचालित भारत कृषि केंद्र एवं साईं कृषि केंद्र का निरीक्षण कर शासन के नियमानुसार ही कृषि आदान विक्रय करने हेतु निर्देशित किया गया।

---

# जिले के सभी विकासखण्डों में फिकल स्लज मैनेजमेंट यूनिट शुरू

**हरिभूमि न्यूज बलौदाबाजार** । कलेक्टर दीपक सोनी के निर्देशन एवं जिला पंचायत सीईओ दिव्या अग्रवाल के मार्गदर्शन में स्वच्छ भारत मिशन के तहत फिकल स्लज मैनेजमेंट यूनिट का संचालन जिले के सभी पांचो विकासखण्डों में शुरू की गई है। वैज्ञानिक पद्धति से अपशिष्ट पदार्थों का निपटान होने से गांव, मोहल्ले में स्वच्छ वातावरण बनने के साथ ही पानी और मिट्टी की गुणवत्ता में भी सुधार आएगा।



प्राप्त जानकारी के अनुसार भाटापारा विकासखंड के ग्राम देवरी, कसडोल के छरछेद, सिमगा के सुहेला, बलौदाबाजार के सकरी और पलारी के ओडान में फिकल स्लज मैनेजमेंट यूनिट स्थापित किया गया है। इन यूनिटों से लंबे समय से चली आ रही टॉयलेट टैंकों व गड्ढों में जमा मानव मल और गंदगी के सुरक्षित निपटान की समस्या का समाधान हुआ है। इस वैज्ञानिक पद्धति से भूजल दूषित होने, दुर्गंध फैलने और बीमारियों का खतरा कम होगा। गांव-गलियों में स्वच्छ वातावरण बनने के साथ ही पानी और मिट्टी की गुणवत्ता में भी सुधार आएगा। इस कार्य में सरपंच, सचिव, रोजगार सहायक सहित पंचायत जनप्रतिनिधियों का योगदान सराहनीय रहा।

---

# शासकीय नौकरी लगाने के नाम पर ठगी करने वाले एक आरोपी को किया गया गिरफ्तार

**हरिभूमि न्यूज बलौदाबाजार** । प्रार्थी ईश्वर प्रसाद साहू निवासी ग्राम सुढेला द्वारा लिखित आवेदन प्रस्तुत करते हुए रिपोर्ट दर्ज कराया गया कि आरोपी किशोर कुमार शर्मा द्वारा (बीईओ) ब्लॉक एजुकेशन ऑफिसर के पद पर नौकरी लगाने के नाम पर अलग-अलग तिथियों में कुल 10 लाख रुपए लेकर ठगी किया गया है। रुपए देने के पश्चात आरोपी द्वारा प्रार्थी को विश्वास में लेने के लिए केंद्र शासन भारत शिक्षा विभाग नई दिल्ली का बी.ई.ओ. का नियुक्ति पत्र भी दिया गया था। इसके साथ ही आरोपी द्वारा प्रार्थी के अन्य रिश्तेदारों से भी नौकरी लगाने के नाम पर अलग-अलग कुल 04 लाख रुपए लिया गया है। इस प्रकार आरोपी किशोर कुमार शर्मा द्वारा शासकीय नौकरी लगाने के नाम पर कुल 14 लाख रुपए की ठगी किया गया है।



की रिपोर्ट पर थाना सिटी कोतवाली में अपराध क्र. 729/2024 धारा 420 भादवि का प्रकरण पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। कि प्रकरण में पुलिस अधीक्षक भावना गुप्ता के कुशल निर्देशन में थाना सिटी कोतवाली पुलिस द्वारा जांच एवं विवेचना कार्यवाही करते हुए आरोपी किशोर कुमार शर्मा को हिरासत में लिया गया, जिससे पूछताछ करने पर आरोपी द्वारा बेरोजगार युवकों को झांसे में लेकर शासकीय नौकरी लगाने के नाम पर उनसे कुल 14 लाख रुपए की ठगी करना स्वीकार किया गया। प्रकरण में आरोपी को आज दिनांक 03.09.2025 को विधिवत गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत करने की प्रक्रिया की जा रही है।

आरोपी- किशोर कुमार शर्मा उम्र 65 साल निवासी ग्राम शिवनी (नैला) जांजगीर चांपा वर्तमान निवासी वैष्णवी विहार उसलापुर थाना सकरी जिला बिलासपुर

---

### नवापारा हथबंद मंडल की महिला शक्ति सैकड़ों की संख्या में हुए शामिल

# भव्य तीजा मिलन समारोह में उमड़ी महिला शक्ति

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हथबंद

नवापारा हथबंद मंडल में तिजहारिन दीदी-बहनों के सम्मान में भव्य तीजा मिलन समारोह आयोजित किया गया। इस अवसर पर सैकड़ों महिलाएं पारंपरिक वेशभूषा में शामिल होकर छत्तीसगढ़ी लोक परंपराओं का उत्साहपूर्वक प्रदर्शन करती नजर आईं। मंत्री टंकराम वर्मा के निज निवास पर आयोजित इस समारोह में माताओं-बहनों का विशेष स्वागत किया गया। मंत्री वर्मा ने सभी को साड़ी, छत्तीसगढ़ की प्रसिद्ध ठेठरी-खुरमी रोटी एवं उपहार भेंट कर सम्मानित किया। इस सम्मान से महिलाओं में आत्मीयता और उत्साह का संचार हुआ।

- मंत्री टंकराम वर्मा ने साड़ी व ठेठरी-खुरमी भेंट कर किया सम्मान

समारोह में तिजहारिन बहनों ने लोकगीत, नृत्य और सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के माध्यम से छत्तीसगढ़ी तीजा पर्व की महत्ता को प्रदर्शित किया। गीत-संगीत और नृत्य की छटा ने पूरे समारोह को जीवंत बना दिया।

इस अवसर पर मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय, सांसद बृजमोहन अग्रवाल एवं प्रदेश सरकार के अनेक मंत्रीगण भी उपस्थित रहे।



अतिथियों ने तीजा पर्व को छत्तीसगढ़ की संस्कृति, सामाजिक एकजुटता और महिला सशक्तिकरण का प्रतीक बताया।

#### ये रहे उपस्थित

भाजपा नवापारा हथबंद मंडल द्वारा आयोजित इस कार्यक्रम में जनपद अध्यक्ष डॉ. दौलतराम पाल, विधायक प्रतिनिधि करण वर्मा, सरपंच संघ अध्यक्ष दिनेश चवरे, मंडल उपाध्यक्ष धन्ना धनेश्वर निषाद, महामंत्री ईश्वरी मारखंडे, मंत्री लिली वर्मा, कोषाध्यक्ष खेमराज वर्मा, उपाध्यक्ष धनेश्वरी वर्मा, प्रेमलता वर्मा, झाला राम वर्मा, कल्याण ध्रुव, हरिश वैष्णव, डोमार मारखंडे, प्रकाश पाल (मीडिया प्रभारी), राजकीरण महिलंगे (कार्यालय प्रभारी), विद्या वर्मा, मीना चतुरे, आरती जागड़े, सविता बांधे सहित सैकड़ों कार्यकर्ता व पदाधिकारी उपस्थित रहे।

---

# आज पलारी में गायत्री महायज्ञ का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पलारी

भारत माता सेवा ट्रस्ट बलौदाबाजार के तत्वाधान में 4 सितम्बर को बाजार चौंक पलारी में नगर पंचायत पलारी के पूर्व अध्यक्ष यशवर्धन मोनू वर्मा के जन्मोत्सव पर विश्व कल्याण हेतु गायत्री महायज्ञ का आयोजन किया गया है। इस कार्यक्रम के तहत भारत माता सेवा ट्रस्ट के द्वारा रक्तदाताओं, बलौदाबाजार, 2 सितम्बर में कार्य करने वाले 52 लोगो का उक्त आयोजन के तहत सम्मान किया जावेगा। वृक्षमित्रों एवं गौसेवको का सम्मान के साथ पुस्तक विमोचन भी किया जायेगा।

- वृक्ष मित्र व गौ सेवको का होगा सम्मान

विभिन्न क्षेत्रों कार्यक्रम के तहत प्रातः 9 बजे से गायत्री यज्ञ का आयोजन होगा। दोपहर 12 बजे भोजन प्रसाद पश्चात सम्मान समारोह आयोजित होगा। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता दानीराम वर्मा पूर्व प्रांताध्यक्ष छ.ग. शिक्षक संघ होंगे। मुख्य अतिथि डा. सनम जांगडे पूर्व विधायक एवं उपस्थित रहेंगे। कार्यक्रम की अध्यक्षता टेसूलाल धुरंधर अध्यक्ष भारत माता सेवा ट्रस्ट, विशिष्ट अतिथि डॉ अजय राव, ओम प्रकाश चंद्रवंशी, सविता भीम यादव जनपद अध्यक्ष पलारी, इंद्र देव वर्मा, रामाधार पटेल उपस्थित रहेंगे। कार्यक्रम के संयोजक नीरज परगनिहा है। उक्त जानकारी भारत माता सेवा ट्रस्ट के सचिव डा. राधेश्याम पटेल ने दी।

सिटीप्लेक्स सिनेमा-भाटापारा
29 अगस्त 2025
SHOW TIME
परम सुदंरी
शो समय - 12:00,3:00,6:00,9:00 PM
दंतेला (छ. ग.)
शो समय - 12:00,3:30 PM
नोट : फेसबुक और इंस्टाग्राम में टाईम टेबल देखा जा सकता है।
bookmyshow पर टिकिट बुकिंग सुविधा उपलब्ध
मो. 93001-27666

# भिनोदा में ग्रामीणों की शिक्षा क्रांति: सरकारी स्कूल को बनाया प्राइवेट से बेहतर

## शिक्षकों की कमी से परेशान थे अभिभावक, गांव ने खुद उठाई जिम्मेदारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गोपालपुर

अलग खबर

बलौदाबाजार जिले के ग्राम भिनोदा में ग्रामीणों ने एक अनोखी मिसाल कायम की है। जब सरकारी स्कूल में शिक्षकों की भारी कमी के कारण बच्चों की पढ़ाई प्रभावित होने लगी, तो गाँववालों ने हाथ पर हाथ धरे बैठने की बजाय खुद ही समाधान निकाल लिया।

ग्रामसभा बुलाकर सामूहिक निर्णय लिया गया कि शिक्षक की कमी को पूरा करने के लिए तीन प्राइवेट शिक्षकों की नियुक्ति की जाएगी और उनका वेतन गाँववाले आपसी सहयोग से जुटाएंगे। यह कदम ना सिर्फ प्रशासनिक असफलता पर करारा तमाचा है, बल्कि समाज में शिक्षा के प्रति जागरूकता और समर्पण का एक उत्कृष्ट उदाहरण भी है। भिनोदा की इस पहल को पूरे क्षेत्र में सराहना मिल रही है। यह संदेश दे रहा है कि शिक्षा का सुधार सिर्फ सरकारी नीतियों से नहीं, समाज की सहभागिता से भी संभव है।

### शासन से थककर ग्रामीणों ने खुद संभाली कमान

भिनोदा के ग्रामीणों ने बताया कि वे कई बार जनदर्शन, सुशासन तिहार और शिक्षा विभाग तक गुहार लगा चुके थे। लेकिन हर बार आश्वासन के अलावा कुछ नहीं मिला। अंततः उन्होंने फैसला किया कि अब बच्चों का भविष्य किसी और के भरोसे नहीं छोड़ेंगे। ग्रामीणों ने चंदा करके तीन शिक्षकों की व्यवस्था की और उन्हें स्थानीय स्कूल में पढ़ाने की जिम्मेदारी दी।




### सरकारी स्कूल को मजबूत करने का संकल्प

ग्रामीणों का कहना है कि वे अपने बच्चों को गांव से बाहर प्राइवेट स्कूल भेजने की बजाय, अपने ही सरकारी स्कूल को इतना सशक्त बना देना चाहते हैं कि यहां के बच्चे भी बेहतर शिक्षा पा सकें। यह पहल न केवल शिक्षा के स्तर को ऊंचा उठाएगी, बल्कि सरकारी स्कूलों में घटती छात्र संख्या को भी रोकने में मददगार साबित होगी।

## खबर संक्षेप

### कमलाकांत शुक्ला इंस्टिट्यूट में बीएससी द्वितीय सेमेस्टर परीक्षा में 100% सफलता





**भाटापारा।** कमलाकांत शुक्ला इंस्टिट्यूट देवरी रोड, भाटापारा (पंडित रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय, रायपुर) से संबंधित बीएससी द्वितीय सेमेस्टर परीक्षा परिणाम सत प्रतिशत रहा। महाविद्यालय में अध्ययनरत बीएससी की छात्रा आकांक्षा 80% के साथ प्रथम स्थान प्राप्त किये, रिमझिम द्वितीय स्थान 77% खुशी तृतीय स्थान 74% प्राप्त किये कक्षा के सभी छात्र छात्राएं प्रथम डिविजन से उत्तीण आये है। छात्रों के उत्कृष्ट परिणाम पर महाविद्यालय के संचालक श्री मनीष शुक्ला सर, प्राचार्य डॉ वंदना चौहान आगे के समेस्टर हेतु प्रोत्साहित किये और अच्छे परीक्षा परिणाम के लिए बधाई दिये। महाविद्यालय विज्ञान संकाय के सहायक प्राध्यापक प्रविन बिश्वास, प्रमिला शर्मा तथा सभी सहायक प्राध्यापको के मार्ग दर्शन से छात्र छात्राओ ने सफलता प्राप्त किए। सभी छात्र-छात्राएं बीएससी के छात्र होने के साथ राष्ट्रीय सेवा योजना व रेड क्रॉस के स्वयं सेवक भी है शिक्षा के साथ ही साथ सेवा भावना कार्यों में भी अपना योगदान देते है।

### 68 छात्राओं को वितरित की गई साइकिलें



**रवान ।** शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय करमदा में कक्षा 9 वीं में अध्यनरत 68 छात्राओं को सरस्वती साइकिल योजना के अंतर्गत साइकिल वितरण किया गया । सर्व प्रथम मां सरस्वती की पूजा अर्चन के साथ छात्राओं को तिलक लगाकर सायकल वितरण किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि ग्राम पंचायत करमदा के सरपंच सरस्वती वर्मा, उप सरपंच राजू, पंच रामनाथ सोनी, मोहानी ध्रुव शाला विकास समिति के अध्यक्ष जय नारायण सोनी शाला विकास समिति के सदस्य शेषनारायण वर्मा, महेश राम वर्मा विद्यालय के प्राचार्य नागेश्वर पटेल सर एवं समस्त शिक्षक शिक्षिकाएं उपस्थित रहे ।

### जिले में अब तक 650.6 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज

**बलौदाबाजार ।** जिले में चालू मानसून के दौरान 1 जून से 3 सितम्बर 2025 तक 650.6 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज की गई है। सर्वाधिक वर्षा तहसील सुहेला में 848.2 मिमी. एवं सबसे कम वर्षा कसडोल तहसील में 545.6 मिलीमीटर हुई है। भू-अभिलेख कार्यालय से मिली जानकारी के अनुसार अब तक तहसील पलारी में 747.8 मिमी, टुण्डरा 714.1 मिमी, भाटापारा 654.8 मिमी, सिमगा 610.4 मिमी, सोनाखान 589.4 मिमी, लवन 578.5 मिमी, कसडोल 545.6, सुहेला 848.2मिमी एवं बलौदाबाजार 566.7 मिलीमीटर वर्षा दर्ज की गई है। इस तरह कुल 5855.5 मिमी अभी तक दर्ज की गई है जिसकी औसत वर्षा 650.6 मिमी है। 3 सितम्बर 2025 को 285.3 मिलीमीटर दर्ज की गई है जिसकी औसत वर्षा 31.7 मि.मी.है। तहसीलवार में बलौदाबाजार 51 मिमी, लवन 47 मिमी, कसडोल 38.6 मिमी, पलारी 37.4 मिमी, भाटापारा 26.9 मिमी, सिमगा 26.6 मिमी, टुण्डरा 24 मिमी, सुहेला 21.5 मिमी एवं सोनाखान 12.3 मिलीमीटर बारिश दर्ज की गई है।

**कार्यक्रम:** आदि कर्मयोगी अभियान अंतर्गत विकासखंड स्तरीय प्रशिक्षण का आयोजन

# बेहतर प्रशिक्षण लेकर ग्राम स्तर पर लोगों को दें अभियान की जानकारी: कलेक्टर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार

- सेवा, समर्पण और संकल्प के साथ जनजातीय सशक्तिकरण की ओर कदम

जनजातीय कार्य मंत्रालय, भारत सरकार की महत्त्वाकांक्षी योजना 'आदि कर्मयोगी अभियान' के अंतर्गत विकासखंड स्तरीय मास्टर ट्रेनर प्रशिक्षण का शुभारंभ बुधवार को बलौदाबाजार जिला पंचायत स्थित संसाधन केंद्र में हुआ। तीन दिवसीय इस प्रशिक्षण में लगभग 184 मास्टर ट्रेनर्स को प्रशिक्षित किया जा रहा है, जो आगे जाकर ग्राम स्तर पर लोगों को योजनाओं की जानकारी देंगे।

कार्यक्रम का उद्घाटन कलेक्टर दीपक सोनी ने किया। उन्होंने कहा कि आदि कर्मयोगी अभियान केवल एक योजना नहीं, बल्कि जनभागीदारी आधारित परिवर्तन की प्रक्रिया है। उन्होंने सभी मास्टर ट्रेनर्स से आग्रह किया कि वे प्रशिक्षण को गंभीरता से लें और उसे आत्मसात कर ग्राम स्तर तक जागरूकता और सेवा का संकल्प लेकर जाएं। कलेक्टर ने कहा कि यह अभियान सेवा, समर्पण और संकल्प जैसे मूल मूल्यों पर आधारित है और इसका उद्देश्य है जनजातीय समुदायों तक शासकीय योजनाओं का शत-प्रतिशत लाभ पहुँचाना। कार्यक्रम में जिला पंचायत अध्यक्ष आकांक्षा जायसवाल, जिला नोडल अधिकारी विजयलक्ष्मी तारा, जिला पंचायत सीईओ दिव्या अग्रवाल, एवं सहायक आयुक्त आदिवासी विकास सूरदास मानिकपुरी विशेष रूप से उपस्थित रहे।






### 46 गांवों से होगी शुरुआत लक्ष्य 519 पंचायतें

प्रशिक्षण के बाद अभियान की शुरुआत जनजातीय बाहुल्य 46 गांवों में की जाएगी, जहां योजनाओं का संतृप्तिकरण किया जाएगा। इसके बाद इसे जिले की सभी 519 पंचायतों और नगरीय निकायों तक विस्तारित किया जाएगा। यह अभियान मिशन मोड में जनांदोलन का रूप लेगा, जिसमें शासकीय योजनाओं को अंतिम व्यक्ति तक पहुँचाने का लक्ष्य रखा गया है।

### निष्ठा और पारदर्शिता से मिलेगा असली लाभ

जिला नोडल अधिकारी विजयलक्ष्मी तारा ने कहा कि अभियान का उद्देश्य है कि जनजातीय परिवार अपने अधिकार और योजनाओं की जानकारी से सशक्त हों। इसके लिए सभी मास्टर ट्रेनर को पारदर्शिता, निष्ठा और जिम्मेदारी से कार्य करना होगा, ताकि सरकार द्वारा चलाई जा रही हर योजना का लाभ जमीनी स्तर पर सुनिश्चित हो।

# नपाध्यक्ष ने किया रामलीला मैदान का निरीक्षण



हरिभूमि न्यूज ▶▶| भाटापारा

- नगर पालिका अध्यक्ष अश्वनी शर्मा ने रामलीला आयोजन की व्यवस्थाओं का लिया जायजा
- सुरक्षित एवं भव्य आयोजन को लेकर जताई प्रतिबद्धता, श्रद्धालुओं की सुविधा का रखा ध्यान

नगर पालिका परिषद अध्यक्ष अश्वनी शर्मा ने नगर पालिका क्षेत्र अंतर्गत रामलीला मैदान का निरीक्षण किया। इस दौरान आगामी रामलीला आयोजन से जुड़ी व्यवस्थाओं का विस्तृत अवलोकन किया गया, जिसमें मंच, प्रकाश, ध्वनि, सुरक्षा और भीड़ प्रबंधन जैसी सभी महत्वपूर्ण तैयारियों का जायजा लिया गया। अध्यक्ष शर्मा ने उपस्थित अधिकारियों से चर्चा करते हुए सुनिश्चित किया कि किसी भी प्रकार की समस्या या कमी का त्वरित और प्रभावशाली समाधान किया जाएगा।

उन्होंने कहा कि रामलीला हमारे गौरवशाली धर्म, संस्कृति और परंपराओं का जीवंत प्रतीक है। इसे भव्य एवं सुरक्षित रूप से आयोजित करना हमारा कर्तव्य है, ताकि हर श्रद्धालु और नगरवासी श्रद्धा, भक्ति और उल्लास के साथ इस दिव्य आयोजन का आनंद ले सके। साथ मे नगर पालिका उपाध्यक्ष दिलीप छाबड़यि सभापति मनीष मिश्रा पार्षद सतीश साहू भुवन सिंह ठाकुर ठाकुर राम साहू ,गोपी ध्रुव आयोजन समिति से संदीप मल देवनारायण शर्मा बजरंग लाल चौरसिया, मुख्य नगर पालिका अधिकारी जफर खान इंजीनियर कमलेश साहू पूर्णेन्दु त्रिवेदी एवं गणमान्य जन उपस्थित रहे।

# ऑनलाइन पंजीयन में विसंगतियों से किसान परेशान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| खरोरा

शासन द्वारा जारी आदेशानुसार सोसायटी में धान विक्रय हेतु किसानों का ऑनलाइन पंजीयन आवश्यक कर दिया गया है। किंतु कई किसानों के नाम च्वाइस सेंटर पर तो ऑनलाइन प्रदर्शित हो रहे हैं, परंतु किसान पोर्टल में अंकित नहीं हो रहे। इस विषय पर जब किसानों ने पटवारी से चर्चा की तो उन्होंने स्पष्ट किया कि उनका कार्य केवल ऑनलाइन किसान का नाम अंकित करना है, लेकिन किसान पोर्टल में नाम चढ़ाना उनके अधिकार क्षेत्र में नहीं आता। पिछले दो वर्षों से कई किसानों का नाम किसान पोर्टल में अंकित नहीं हुआ है, जिससे किसानों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।



किसान भाइयों का कहना है कि नाम संबंधी विसंगतियां और पोर्टल में नाम नहीं होने से वे शासन की योजनाओं व धान विक्रय प्रक्रिया से वंचित हो रहे हैं। यह स्थिति भाजपा की किसानों को आर्थिक रूप से सम्पन्न बनाने की सोच व सिद्धांतों के विपरीत है। इस गंभीर समस्या को लेकर किसान मोर्चा रायपुर ग्रामीण के कोषाध्यक्ष राजकुमार सिंह ठाकुर ने बताया कि सभी पदाधिकारी साथी सामूहिक प्रयास कर माननीय विधायक महोदय एवं मंत्री महोदय को इस विषय से अवगत कराएंगे, ताकि किसानों की समस्या का त्वरित समाधान हो सके।

# उपभोक्ता संगठन प्रतिनिधि ने डॉ. रमन सिंह से की भेंट




**खरोरा ।** अखिल भारतीय उपभोक्ता उत्थान संगठन के पदाधिकारी ने डॉ रमन सिंह से मुलाकात किया जिसमें उपस्थित रहे राष्ट्रीय महासचिव चितरंजन कुमार पर्वत, प्रदेश अध्यक्ष खुलेश वर्मा, प्रदेश कोषाध्यक्ष शैलेश चौधरी, रायपुर जिला अध्यक्ष दुर्गेश वर्मा, महिला रायपुर जिला महासचिव मंजू जायसवाल मौजूद रहे ।



**बगबुड़ा ।** युवा साथी गणेश उत्सव समिति, बगबुड़ा

# हथबंद स्टेशन पर छत्तीसगढ़ एक्सप्रेस का पुनः ठहराव शुरू, क्षेत्र में खुशी की लहर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हथबंद

- पुष्पवर्षा और देशभक्ति गीतों से किया गया भव्य स्वागत
- सांसद और मंत्री के प्रयासों पर जताया गया आभार

लंबे समय से बंद पड़ी छत्तीसगढ़ एक्सप्रेस का हथबंद रेलवे स्टेशन पर पुनः ठहराव शुरू होने से क्षेत्रवासियों में हर्ष और उल्लास की लहर दौड़ गई। सोमवार को ट्रेन के आगमन पर स्टेशन परिसर में भव्य स्वागत समारोह का आयोजन किया गया जैसे ही छत्तीसगढ़ एक्सप्रेस प्लेटफॉर्म पर पहुँची, ग्रामीणों और जनप्रतिनिधियों ने पुष्प वर्षा कर ट्रेन का अभिनंदन किया।

तिरंगा लहराते हुए बच्चों और युवाओं ने माहौल को देशभक्ति और उत्साह से भर दिया। इस अवसर पर भाजपा जिला अध्यक्ष आनंद यादव, सिमगा जनपद अध्यक्ष डॉ. दौलतराम पाल, विधायक प्रतिनिधि करण वर्मा, डॉ. उत्तम विश्वास, मंडल उपाध्यक्ष धन्ना निषाद, शाला विकास समिति उपाध्यक्ष जित्तू यादव, संतोष दीवान, ओमप्रकाश वर्मा, मंडल उपाध्यक्ष कल्याण ध्रुव सहित बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे। स्वागत समारोह में समाजसेवी महिलाओं ने भी सक्रिय भूमिका निभाई। इनमें अखिलेश्वरी शुक्ला, विद्या वर्मा, मनीषा टंडन, अर्चना वर्मा और मंडल महामंत्री प्रेमलता वर्मा प्रमुख रूप से शामिल रहीं।



### क्षेत्रवासियों ने जताया आभार

इस अवसर पर क्षेत्रवासियों ने छत्तीसगढ़ एक्सप्रेस के पुनः स्टॉपेज के लिए सांसद बृजमोहन अग्रवाल एवं मंत्री टंकराम वर्मा का आभार व्यक्त किया । भव्य आयोजन से हथबंद रेलवे स्टेशन उत्सव स्थल में तब्दील हो गया। लोगों ने एक-दूसरे को मिठाई खिलाकर खुशी साझा की और छत्तीसगढ़ एक्सप्रेस के नियमित संचालन की उम्मीद जताई।

## प्रगतिशील छत्तीसगढ़ सतनामी समाज में संगठनात्मक एकता की बड़ी पहल

# सतनामी समाज विकास परिषद बरमकेला का हुआ विलय

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मुड़पार सरसींवां/गिधौरी

- गिरौदपुरी से रायपुर तक सामाजिक विकास की दिशा में मजबूत कदम

छत्तीसगढ़ में सतनामी समाज को संगठित करने की दिशा में एक बड़ा कदम उठाया गया है। प्रगतिशील छत्तीसगढ़ सतनामी समाज के प्रयासों से सतनामी समाज विकास परिषद, ब्लॉक बरमकेला ने अपने संगठन का औपचारिक विलय कर दिया है। यह विलय 31 अगस्त को ग्राम गोबरसिंगा में आयोजित एक सम्मेलन के दौरान हुआ। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि यादराम हिरवानी (बिलाईगढ़) ने बताया कि छत्तीसगढ़ के 146 विकासखंडों में से 128 में सतनामी समाज की प्रभावी उपस्थिति है। उन्होंने कहा कि समाज को एकसूत्र में पिरोने का यह अभियान सामाजिक, शैक्षणिक, सांस्कृतिक और बौद्धिक उन्नयन का मजबूत आधार है।

हिरवानी ने बताया कि गिरौदपुरी धाम की सरहद पर तीन करोड़ की लागत से समाज ने स्वयं के सहयोग से सतनाम धर्मशाला का निर्माण कराया है। वहीं रायपुर में बहुउद्देशीय भवन के लिए मुख्यमंत्री विष्णु देव साय द्वारा 1 करोड़ की घोषणा भी इसी जागरूकता का परिणाम है। इस विलय को सामाजिक एकता की नई नींव माना जा रहा है, जिससे शिक्षा, रोजगार, और संस्कृति जैसे प्रमुख क्षेत्रों में सतनामी समाज और भी संगठित तरीके से आगे बढ़ सकेगा।



### संगठनात्मक एकता की दिशा में ऐतिहासिक कदम

जब प्रगतिशील छत्तीसगढ़ सतनामी समाज का गठन हुआ था, तब राज्य भर में 600 से अधिक संगठन अलग-अलग स्तर पर कार्य कर रहे थे। हिरवानी ने बताया कि लगातार संवाद और सामाजिक जागरूकता के जरिए इन संगठनों को एक मंच पर लाने का अभियान चलाया गया। अब अधिकतर संगठनों ने विलय कर लिया है, जिससे समाज की आवाज अब संगठित और प्रभावशाली हो रही है।

### सम्मेलन में जुटे समाज के सैकड़ों कार्यकर्ता

गोबरसिंगा सम्मेलन में मनोज कुमार टंडन, पुरुषोत्तम हिरवानी, परखीत, जगतराम निराला, बंशीधर, अनिल जांगड़े, जयलाल सर, राधेश्याम, सुखलाल, गज्जूदास मीरी, सहित सैकड़ों की संख्या में सामाजिक कार्यकर्ता शामिल हुए। सभी ने हाथ उठाकर एक स्वर में सामाजिक एकता और प्रगतिशील दिशा में काम करने की सहमति जताई।

